# महापंचायत में पहुंचे 65 गांवों के किसान

## सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित, समान चार गुना मुआवजे की उठी मांग

**प्रभावितों को समान रूप से चार गुना मुआवजा दिए जाने की मांग दोहराई**





**नवभारत न्यूज**
**सुठालिया 31 जुलाई, सं. सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित 65 गांवों के किसानों की मुआवजा विसंगति के मुद्दे पर शुक्रवार को डैम स्थल रघुनाथपुरा में विशाल किसान महापंचायत का आयोजन किया गया. महापंचायत में एक हजार से अधिक किसानों ने भाग लेकर समान एवं न्यायसंगत मुआवजे की मांग को लेकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया.**

महापंचायत का मुख्य विषय परियोजना में दी जा रही मुआवजा विसंगति रहा. किसानों का कहना है कि एक ही सिंचाई परियोजना में कुछ किसानों को दो गुना तथा अन्य किसानों को चार गुना मुआवजा दिया जा रहा है, जो समानता एवं न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है. किसानों ने सभी प्रभावितों को समान रूप से चार गुना मुआवजा दिए जाने की मांग दोहराई.

कार्यक्रम में किसानों के समर्थन में राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह, चांचौड़ा की पूर्व विधायक ममता मीना, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बल्लू चौहान, पूर्व विधायक रामचन्द्र दांगी, भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं किसान नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए.

महापंचायत के उपरांत प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार मधुसूदनगढ़ को सौंपा गया. ज्ञापन में मांग की गई कि सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित सभी किसानों को बिना किसी भेदभाव के समान रूप से चार गुना मुआवजा प्रदान किया जाए. साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो किसान अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए डैम स्थल पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन एवं जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे.

कार्यक्रम का सफल संचालन नारायण सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति, जिला गुना द्वारा किया गया. अंत में सभी किसानों ने समान चार गुना मुआवजा प्राप्त होने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया. महापंचायत का समापन सामूहिक सहभोज के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ.

### एक नजर में

**सड़क के गड्ढे में फिसली बाइक, युवक घायल**

**खिलचीपुर 31 जुलाई, सं.** नगर में बदहाल सड़कों के कारण शुक्रवार दोपहर एक बाइक सवार हादसे का शिकार हो गया. वार्ड क्रमांक 6 स्थित खाती कुंडी के सामने सड़क पर बने गड्ढे में बाइक फिसलने से भाजपा पार्षद संदीप शर्मा के बड़े भाई कल्लू शर्मा घायल हो गए. जानकारी के अनुसार, तोपखाना गेट निवासी कल्लू शर्मा अपने बेटे के साथ बाइक से एक परिचित के घर जा रहे थे. वार्ड क्रमांक 6 में खाती कुंडी के सामने पहुंचते ही खुदी हुई सड़क पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वे और उनका बेटा नीचे गिर पड़े. इस हादसे में कल्लू शर्मा के पैर में गंभीर चोट आई. उन्हें तत्काल खिलचीपुर सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने गहरे घाव पर 12 टांके लगाए. प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई. स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई तो भविष्य में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं. उन्होंने नगर परिषद और संबंधित अधिकारियों से तत्काल गड्ढे भरवाने तथा खराब सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की है.

**151 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया**

**छापीहेड़ा 31 जुलाई, सं.** नगर के सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय में शुक्रवार को श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर के सहयोग से निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया. दीप प्रज्वलन एवं पूजन में ट्रस्ट के डॉ. अंकुश पाल, लखन शर्मा, रणवीर बघेल, नेपाल जादौन, जितेन्द्र जादौन, मिलन बघेल, नीलम सिंह जादौन, विद्यालय के प्रधानाचार्य राधेश्याम नागर एवं कमल चौहान उपस्थित रहे. शिविर में कुल 151 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया जिसमें 66 मरीजों को आवश्यक दवाइयां नि:शुल्क वितरित की गई. 44 मरीजों को जांच के बाद नि:शुल्क चश्मे प्रदान किए गए. 41 गंभीर मरीजों को आगे के उपचार हेतु संस्था की बस द्वारा आनंदपुर स्थित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में भर्ती के लिए भेजा गया.

**आवश्यकता है**
आनंद वेयर हाउस ग्राम कचनारिया एबी रोड़ ब्यावरा A.C. Agrawal (H.P) पेट्रोल पम्प के पास ब्यावरा में ग्राडन की देखरेख के लिए एक माली की आवश्यकता है.
**मो. 9425037590**
**बिल 05 अगस्त 2026**

### मौसमी बीमारियों से परिवार को रखें सुरक्षित

**राजगढ़ 31 जुलाई, का.** मानसून का मौसम जहां हरियाली और ठंडक लेकर आता है, वहीं इस दौरान डायरिया, हैजा, टाइफाइड, पीलिया, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, वायरल बुखार सहित जलजनित एवं मच्छरजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है. इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिले के नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों का पालन करने की अपील की है.



### सालरिया खेड़ी हाई स्कूल में सायकिल वितरण की

**नवभारत न्यूज**
**सुठालिया 31 जुलाई, सं. शासकीय हाई स्कूल सालरिया खेड़ी में शुक्रवार को शासन की योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच भारत सिंह मालवीय मौजूद रहे.**

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई. इसके बाद जन शिक्षक अरविंद मीना और पवन सोलंकी की उपस्थिति में छात्राओं को साइकिलें सौंपी गई.

**अब समय पर पहुंचेंगी स्कूल**

साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे. स्कूल की कई छात्राएं 3 से 4 किलोमीटर दूर के गांवों से पैदल आती थीं. बरसात और गर्मी में उन्हें काफी दिक्कत होती थी. अब साइकिल मिलने से उन्हें स्कूल आने-जाने में सहूलियत होगी.स्कूल प्राचार्य दयाल सिंह पंवार ने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के लिए वरदान है. साइकिल मिलने से छात्राएं समय पर स्कूल पहुंचेंगी. इससे पढ़ाई में निरंतरता आएगी और ड्रॉपआउट की समस्या कम होगी. कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक देवी सिंह चौहान और रामस्वरूप यादव ने छात्राओं को अनुशासन और मेहनत का पाठ पढ़ाया. अतिथि शिक्षक देवराज शर्मा, सीता कुशवाह सहित समस्त स्कूल स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहा.

## वर्लपूल कंपनी पर दस हजार रुपए का जुर्माना, उपभोक्ता की जीत

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 31 जुलाई, का.** जिला उपभोक्ता विवाद एवं प्रतितोषण आयोग राजगढ़ में पदस्थ अध्यक्ष सुरेश कुमार चौबे एवं सदस्य सुरेंद सक्सेना, सीमा सक्सेना की बेंच द्वारा देश की जानी मानी रेफ्रिजरेटर निर्माता कंपनी वर्लपूल ऑफ इंडिया लिमिटेड को सेवा में कमी का दोषी पाया जाकर उपभोक्ता को दस हजार रुपए हर्जाना दिए जाने के साथ ही क्षतिग्रस्त रेफ्रिजरेटर का डोर दो माह की अवधि में बदलने का आदेश दिया गया है.

मामले में उपभोक्ता की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता जेपी शर्मा द्वारा मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस विभाग में कार्यरत राजगढ़ निवासी उपभोक्ता दिनेश कुमार बैरागी द्वारा विवेक इंटरप्राइजेज राजगढ़ से एक डबलडोर रेफ्रिजरेटर वर्लपूल कंपनी का क्रय किया था. उक्त फ्रीज का निचला दरवाजा खरीदने के कुछ दिनों के बाद ही क्षतिग्रस्त हो गया और उसके कांच चटककर फ्रीज के अंदर और बाहर गिरने लगे जिससे रेफ्रिजरेटर का पूरा रंग रूप खराब हो गया. दुकानदार ने शिकायत को गंभीरता से लेकर अपना मैकेनिक उपभोक्ता के घर भेजा जिसमें उपभोक्ता की शिकायत सही पाई गई. और कहा कि रेफ्रिजरेटर के क्षतिग्रस्त डोर पर रेडियम लगा देते हैं तो उपभोक्ता द्वारा रेडियम लगवाने से मना कर दिया कि रेडियम लगाने से उसका डोर ठीक नहीं होगा. उपभोक्ता द्वारा कंपनी ओर दुकानदार से निवेदन किया कि उसके रेफ्रिजरेटर का क्षतिग्रस्त डोर बदल देवे तो दुकानदार द्वारा उपभोक्ता की शिकायत का निराकरण कंपनी से करवाने का आश्वासन दिया ओर कहा कि शिकायत कंपनी को भेजी जा चुकी है. लंबे समय उपरांत भी जब कंपनी द्वारा उपभोक्ता की शिकायत का निराकरण नहीं किया ओर न ही रेफ्रिजरेटर का क्षतिग्रस्त डोर बदला तो परेशान उपभोक्ता द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण ली ओर अपने अधिवक्ता जेपी शर्मा के माध्यम से परिवाद लगाया. जिला उपभोक्ता अदालत राजगढ़ द्वारा रेफ्रिजरेटर निर्माता कंपनी के विरुद्ध आदेश पारित करते हुए वर्लपूल कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड को दो माह के अंदर उपभोक्ता के क्षतिग्रस्त रेफ्रिजरेटर के निचले डोर को बदलने सहित उपभोक्ता को हुई आर्थिक व मानसिक क्षति के रूप में दस हजार रुपए हर्जाना दिए जाने का आदेश दिया गया है.

## शासकीय सेवा में चयनित शिक्षकों का सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**तलेन 31 जुलाई, सं. संस्कार कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय परिवार द्वारा शासकीय सेवा में चयनित शिक्षकों के सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया.**

समारोह में अनिल यादव, मुकेश लववंशी, पवन यादव, जसवंत राजपूत, अजय भिलाला, राकेश राठौर, रानी यादव एवं माधुरी उमठ के शासकीय सेवा में चयनित होने पर सम्मान किया गया. विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ द्वारा चयनित शिक्षकों को स्मृति-चिह्न एवं सम्मान-पत्र भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई.

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि शिक्षकों का शासकीय सेवा में चयन विद्यालय के लिए गौरव की बात है. चयनित शिक्षकों ने कहा कि संस्कार कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में बिताया समय उनके जीवन की महत्वपूर्ण एवं यादगार स्मृतियों में सदैव रहेगा. विद्यालय संचालक देव सिंह यादव एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शासकीय सेवा में चयनित सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की.



### बालिकाओं को मिलीं नि:शुल्क साइकिलें

शुक्रवार को स्थानीय शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंद बालिकाओं को नि:शुल्क साइकिलें वितरित की गई.

साइकिल वितरण राज्य सरकार की नि:शुल्क साइकिल योजना के तहत किया गया. कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे. विद्यालय की प्राचार्य आर.सी जाटव ने सभी का आभार व्यक्त करते बताया कि नि:शुल्क साइकिल योजना के तहत 13 साइकिल वितरित की गई.

### सावधानियां रख बीमारियों से सुरक्षित रहें

**राजगढ़ 31 जुलाई, का.** मानसून के मौसम में डायरिया, हैजा, टाइफाइड, पीलिया, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, वायरल बुखार सहित जलजनित एवं मच्छरजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है. इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिले के नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों का पालन करने की अपील की है.

## सीबीएसई क्लस्टर गेम्स फेज़-12 का भव्य शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 31 जुलाई,सं. मास्टरमाइंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर गेम्स फेज़-12 के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबॉल एवं योगा चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ.**



प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं गुजरात के विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों से आए खिलाडियों, प्रशिक्षकों अधिकारियों ने सहभागिता की.

इस अवसर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उनके साथ निर्मल जैन, किशोर सिंह पाटीदार, विष्णु पाटीदार, निलेश वर्मा, सीबीएसई ऑब्जर्वर अखिलेश पंचोली, विभोर तिवारी, सागर रायकवार एवं विनोद गायकवाड़ मौजूद रहे. विद्यालय प्रबंधन चंद्रप्रकाश पाटीदार ने सभी अतिथियों, सीबीएसई अधिकारियों, प्रतिभागी विद्यालयों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों का हार्दिक स्वागत एवं आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि मास्टरमाइंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करना गौरव का विषय है.

## एडवांस्ड किड्स एकेडमी में ब्लू कलर कॉन्सेप्ट डे मनाया




**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 31 जुलाई, सं. नगर की एडवांस्ड किड्स एकेडमी में कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साह और उल्लास के साथ नीला दिवस मनाया.**

इस दौरान बच्चों ने नीले रंग के परिधान धारण किए और अपनी-अपनी पसंद की नीली वस्तुएं लेकर आए. दिखाओ और बताओ गतिविधि के माध्यम से बच्चों ने अपने खिलौने, कपड़े, फल और अन्य नीली चीजों के बारे में बताया. इससे कार्यक्रम और भी रोचक बन गया. इस प्रतियोगिता से नन्हें बच्चों में बोलने का आत्मविश्वास बढ़ा और रंग पहचानने के कौशल का भी विकास हुआ. शिक्षकों ने बच्चों को नीले रंग से जुड़ी चीजों, प्रकृति और आसमान-पानी के महत्व के बारे में भी जानकारी दी.

विद्यालय प्राचार्य ईके जोशी ने बताया कि इस तरह के थीम आधारित आयोजन बच्चों को नित नए अनुभव देते हैं. ऐसी गतिविधियों से बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और विभिन्न जानकारियां जागृत होती हैं.

### नवभारत की खबर का असर




## छापी डैम किनारे सड़े मीट के अवशेषों पर चली जेसीबी

**फिल्टर प्लांट के पास फैली गंदगी हटाई, नगर परिषद हरकत में**

**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 31 जुलाई, सं. नगर एवं क्षेत्र की जीवनदायिनी कहलाने वाले छापी बांध के किनारे स्थित जल फिल्टर प्लांट से थोड़ी दूरी पर संचालित मीट मार्केट की गंदगी को लेकर नवभारत समाचार पत्र द्वारा प्रकाशित खबर का बड़ा असर हुआ है.**

फिल्टर प्लांट के पास ही मीट मार्केट और झुग्गी-झोपड़ी की नालियों का गंदा पानी सीधे बांध में मिल रहा था. इतना ही नहीं, मीट मार्केट के आसपास पिछले लंबे समय से गंदगी बीमारी का अड्डा बना हुआ था. ठीक उसी जगह मीट माफिया द्वारा मुर्गा, मछली और बकरों के सड़े हुए अवशेष खुले में फेंके जा रहे थे.

दिनांक 31 जुलाई 2026 को जनता की इस मूलभूत समस्या को नवभारत समाचार पत्र ने तस्वीरों के साथ प्रमुखता से प्रकाशित कर नगर परिषद को जगाया. खबर प्रकाशित होते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया. नगर परिषद तुरंत हरकत में आई और जेसीबी से उन सड़े-गले अवशेषों को गड्ढा खोदकर दबाया तथा पूरे क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया.

खबर का इतना असर रहा कि नगर परिषद के दरोगा आजाद झावा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. उनके साथ पार्षद प्रतिनिधि कमल झावा एवं नगर परिषद के सफाई कर्मचारी भी मौजूद रहे.

टीम ने पूरे क्षेत्र को कीटाणुनाशक दवा का छिड़काव कर सेनेटाइज भी किया. स्थानीय नागरिकों ने नवभारत और नगर परिषद की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है.

लोगों का कहना है कि जब तक मीट मार्केट को नगर से बाहर शिफ्ट नहीं किया जाता, तब तक इस तरह की समस्या बार-बार सामने आती रहेगी और बीमारी फैलने कि पुरी संभावना बनी हुई है. क्योंकि मीट मार्केट एवं झुग्गी बस्ती रहवासी क्षेत्र की नाली का गंदा पानी बांध में जाता है जब तक मीट मार्केट वहां से अन्यत्र शिफ्ट नहीं होता है तब तक समस्या ज्यों कि त्यों बनी रहेगी.

**निरीक्षण** | **मऊ में करोड़ों के स्कूल भवन को सितंबर 2026 तक पूरा करने के सख्त निर्देश**

# राज्यमंत्री का औचक निरीक्षण शिक्षा और अधोसंरचना को प्राथमिकता





**नवभारत न्यूज**
**पडाना 31 जुलाई, सं. शिक्षा और बेहतर अधोसंरचना को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता एक बार फिर साफ दिखी. राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शुक्रवार को ग्राम मऊ में निर्माणाधीन संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए.**

करीब 38 करोड़ से भी अधिक रुपये की लागत से बन रहा यह भवन क्षेत्र के सैकड़ों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा है. निरीक्षण के दौरान प्रगति धीमी पाए जाने पर मंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई. उन्होंने पीईओ और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को तत्काल मौके पर बुलाकर ठेकेदार की लापरवाही पर फटकार लगाई. उन्होंने निर्देश दिए कि हर हाल में सितंबर 2026 तक भवन का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए. इसके लिए पीआईयू को हर सप्ताह मॉनिटरिंग कर प्रगति रिपोर्ट देने को कहा गया है. मंत्री ने यह भी चेतावनी दी कि यदि तय समय में काम पूरा नहीं हुआ तो संबंधित ठेकेदार और लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

**छात्रों से किया संवाद, समस्याएं जानी** - विद्यालय पहुंचने पर छात्र-छात्राओं ने मंत्री का पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया. डॉ. टेटवाल ने छात्राओं से बैठकर उनकी पढ़ाई, करियर के सपनों और स्कूल की जरूरतों पर बात की. उन्होंने देखा कि जगह की कमी के कारण कई कक्षाओं में बच्चे खचाखच बैठे हैं और कुछ विद्यार्थियों को दलान में बैठकर पढ़ना पड़ रहा है. मंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि नई बिल्डिंग बनते ही यह समस्या पूरी तरह दूर हो जाएगी.

निरीक्षण के बाद मंत्री ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया. उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मजबूत अधोसंरचना और हरित वातावरण के बिना विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है. इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, ग्राम पंचायत सरपंच रईस मंसूरी, महामंत्री कमल राठौर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे.

### राज्यमंत्री ने सांदीपनी स्कूल निर्माण का किया निरीक्षण

**ब्यावरा 31 जुलाई, का.** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने शुक्रवार को ब्यावरा स्थित शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण कर निर्माण की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया.

निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण से जुड़े विभिन्न कार्यों का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा प्रत्येक चरण में गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल भवन नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य निर्माण के केंद्र होते हैं. विद्यार्थियों को बेहतर, सुरक्षित एवं आधुनिक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर पूर्ण किए जाएं, ताकि विद्यार्थियों को शीघ्र ही नवीन भवन का लाभ मिल सके. इस दौरान उन्होंने खेल मैदान,पार्क और वाहन पार्किंग को सुव्यवस्थित विकसित करने के लिए भी निर्देशित किया.

उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय भवनों का निर्माण, शैक्षणिक अधोसंरचना का विस्तार तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं.

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति, तकनीकी पहलुओं एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी भी दी